संदिग्ध फरार आरोपियों की जमानतदार मुस्लिम महिलाओं और कांग्रेसी नेता पर क्यों नहीं की कार्रवाई

कंबल बेचने के बहाने आतंकी अजहर मसूद की तकरीर सुनाने वाले 16 वर्ष से फरार आरोपियों की दी थी जमानत

शाजापुर । शाजापुर में वर्ष 2010 में आतंकी अजहर मसूद की तकरीर कंबल बेचने के बहाने सुनाने वाले एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. उसके बाद उन्हें न्यायालय ने जेल भेज दिया था, लेकिन शाजापुर के कुछ लोगों ने उनकी जमानत दी और सभी संदिग्ध लोग जमानत के बाद से आज 16 साल होने के बाद भी न्यायालय में पेश नहीं हुए. शाजापुर न्यायालय ने स्थायी वारंट घोषित किया है, लेकिन इन बीते 16 सालों में पुलिस ने उन जमानतदारों पर कोई कार्यवाही नहीं की, जिन्होंने इन संदिग्धों की जमानत दी थी. इतना गंभीर मामला होने के बाद भी 16 साल में पुलिस ने आज तक किसी जमानतदार को न्यायालय में पेश किया और न ही उनसे संदिग्धों के बारे में पूछताछ की.

शाजापुर

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 13 मई 2026 10

कंबल बेचने के बहाने आतंकी अजहर मसूद की तकरीर सुनाने वाले 16 साल से हैं फरार

2010 में शाजापुर में पकड़ाए थे एक दर्जन संदिग्ध, आज तक गिरफ्तारी वारंट तामिल नहीं करा पाई पुलिस

नवभारत EXCLUSIVE

16 सालों बिते संदिग्धों का वारंट तामिल नहीं करा पाई शाजापुर पुलिस...

कहां है ये संदिग्ध...? किसी को पता नहीं

गौरतलब है कि स्थानीय मगरिया से 28 अक्टूबर 2010 को कंबल बेचने वाले करीब एक दर्जन से अधिक संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था. जिनके पास से कुख्यात आतंकी अजहर मसूद की तकरीर के कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले थे. पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया और धारा 153 क, 153 ख में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था. जिसमें अभियुक्त इमरान एवं इस्लाम निवासी बिजरोल थाना बड़ोद जिला बागपत उत्तरप्रदेश के पाए गए थे. इसी प्रकरण में अन्य आरोपी रिजवान, मोहम्मद शाकीर, जावेद, परवेज, मो. इरशाद, नजीम, इरफान, गुलशार पिता इरफान, इरफान पिता सइउद्दीन, मो. इश्तियाक, हाफिज मोहम्मद, फुरकान फय्यूम, मेहरुद्दीन, ताजमुल, शाहीद हुसैन, अनीस एहमद, आफताब, फैज एहमद, मो. निजाम, अ. रहमान के विरूद्ध 30 सितंबर 2022 को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया. आज 16 साल बाद भी इन संदिग्धों का पुलिस गिरफ्तारी वारंट भी तामिल नहीं करा सकी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उर्वशी यादव के न्यायालय में ये केस लंबित था. 15.11.2022 को माननीय न्यायालय ने सभी आरोपियों के खिलाफ स्थायी वारंट की तामिली नहीं कराने पर स्थायी रूप से अभियुक्तों को फरार घोषित किया. प्रकरण 2010 से विचाराधीन है और अभियुक्तगण के विरूद्ध शाजापुर न्यायालय द्वारा लगातार गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए, लेकिन पुलिस एक भी आरोपी का गिरफ्तारी वारंट तामिल नहीं करा सकी.

संदिग्धों का पुलिस 16 साल में वारंट तामिल नहीं करा सकी, न ही जमानतदारों से पूछताछ कर पाई...

2010 में कंबल बेचने के बहाने एक दर्जन से अधिक जो संदिग्ध कुख्यात आतंकी अजहर मसूद की तकरीर घर-घर सुनाने का काम करते थे . उनके खिलाफ न्यायालय ने कई स्थायी वारंट जारी किए, लेकिन शाजापुर पुलिस आज तक इन वारंटों की तामिल नहीं करा सकी . जबकि हर साल वारंटों की तामिली के लिए पुलिस विशेष अभियान चलाती है, लेकिन उसके बाद भी इन संदिग्धों को पुलिस आज तक नहीं खोज पाई . 2010 से लेकर 2026 तक लगभग आधा दर्जन पुलिस अधीक्षक और एक दर्जन थाना प्रभारी यहां पदस्थ हो चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस अति गंभीर और संदिग्ध लोगों के गिरफ्तारी वारंट पर कोई सक्रियता नहीं दिखाई .

दो मुस्लिम महिला और एक कांग्रेस नेता ने दी थी जमानत...

कंबल बेचने के बहाने आतंकी अजहर मसूद की तकरीर सुनाने वाले एक दर्जन से अधिक संदिग्धों की जमानत शाजापुर निवासी दो मुस्लिम महिलाओं ने दी थी . दोनों मुस्लिम महिला मगरिया की रहने वाली हैं . तो एक तथाकथित कांग्रेसी नेता ने भी इन संदिग्धों की जमानत देने में अग्रणी भूमिका रही . ये पुलिस का काम है कि यदि जमानतदार किसी की जमानत देते हैं और वह न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो वह संबंधित जमानतदार की जमानत की राशि या जमानत में दी गई सम्पत्ति को कुर्क कर न्यायालय में पेश कर सकता है, लेकिन 16 साल होने के बाद भी शाजापुर पुलिस ने न तो इन जमानतदारों की सम्पत्ति कुर्क करने की कार्यवाही शुरू की और न ही इन संदिग्धों को ढूंढने का प्रयास किया . सवाल यह है कि जिन लोगों ने इन संदिग्धों की जमानत दी थी, उन जमानतदारों ने जो जमीन की पावती जमानत के लिए न्यायालय में लगाई थी, यदि वो जमीन बेच दी हो, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार ?

एक नजर में

ईदगाह और मस्जिदों में अदा की गई नमाज

शुजालपुर । ईद उल अजहा का पर्व शहर में गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत रूप से मनाया गया . शहर में ईदगाह व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में मुस्लिम समाजजनों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर अमन, चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी . सुबह से ही नमाज को लेकर उत्साह का माहौल बना रहा . नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी . सिटी में ईदगाह पर सुबह 8 बजे मुख्य नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए . इसके अलावा शहर की विभिन्न मस्जिदों में भी विशेष नमाज अदा की गई . ईद की नमाज के उपरांत परंपरा अनुसार कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ . पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला . वहीं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया .

हर्ष उल्लास के साथ मनाई ईद

बड़ौद । नगर में ईद अल अजह का पर्व हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया . सुबह 8 .15 बजे ईदगाह पर मुख्य नमाज अदा की गई, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी . ईद के पर्व को लेकर नगर में विशेष उत्साह देखने को मिला . नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी . वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चे नए परिधानों में आकर्षण का केंद्र बने रहे . समाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ . पर्व को लेकर बाजारों एवं मोहल्लों में भी रौनक बनी रही . त्योहार के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए . वहीं नगर परिषद द्वारा ईदगाह एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई .

एकादशी पर ताली कीर्तन, श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु

शुजालपुर । पुरुषोत्तम मास की पद्मिनी एकादशी पर नगर के शनि धाम स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला . सुबह से ही बाबा श्याम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही. इस अवसर पर अकोदिया नरेश का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया. शाम 5 .30 बजे बाबा की अखंड ज्योत प्रज्जवलित कर छप्पन भोग अर्पित किया गया. इसके बाद एक शाम खाटू वाले के नाम ताली कीर्तन का आयोजन हुआ . भजन गायक सतीश अग्रवाल चाटूखेड़ा एवं दीपक सिसोदिया अकोदिया ने श्याम भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे . पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गुंजायमान रहा . कार्यक्रम के दौरान श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट अकोदिया की ओर से भजन गायकों का शॉल, श्रीफल एवं बाबा श्याम की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया . एकादशी सेवा का लाभ ट्रस्ट के शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉ . सुशील कुमार गेहलोत ने लिया . महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी वितरित की गई .

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस ने मनाई पं . नेहरु की पुण्यतिथि

शुजालपुर । प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धापूर्वक मनाई गई . इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके योगदान को याद किया . कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया . वक्ताओं ने बताया कि पंडित नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था . प्रारंभिक शिक्षा के बाद वे इंग्लैंड गए, जहां कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से प्राकृतिक विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की . भारत लौटने के बाद वे स्वतंत्रता आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़ गए . उन्होंने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई आंदोलनों में भाग लिया और कई बार जेल भी गए . 1929 में वे कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन के अध्यक्ष चुने गए, जहां पूर्ण स्वराज का लक्ष्य निर्धारित किया गया . स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई . कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, शहर अध्यक्ष रईस पठान, पार्षद बल्ला सोनी, विशाल शर्मा, विष्णु शमा, कैलाश कुशवाह, जिला महामंत्री मनोहर जाटव, भोजराज परमार,अंकुर जैन, अवधेश परमार सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

आज से हवाएं उतारेंगी नवतपा की गर्मी

कल से प्री-मानसूनी बारिश की संभावना, तापमान के तेवर भी होंगे कम

शाजापुर । एक माह से अधिक समय से 40 से 45 डिग्री तापमान झेल रहे नगरवासियों के लिए अब मौसम का मिजाज राहत लेकर आने वाला है. मौसम विभाग की माने तो आज से तेज गति से हवाएं चलेंगी. वहीं 31 की रात से प्री-मानसून की बारिश शुरू होने की संभावना है. जिससे तापमान भी कम होगा और लोगों को अब गर्मी से राहत मिलेगी.

बुधवार को तापमान कम होने से लोगों को उम्मीद थी कि अब तापमान में कमी होगी और गर्मी से राहत मिलेगी. लेकिन गुरूवार को फिर तापमान बढ़ गया जिससे लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो गया. जिससे शाम तक भी लोग गर्मी से परेशान होते रहे. वहीं शाम को भी गर्म हवाओं ने लोगों के पसीने छुड़वा दिए. इस दिन अधिकतम तापमान 43.6 व न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री दर्ज किया गया. इस दिन 14 किमी की रफ्तार से पश्चिमी हवाएं भी चलती रही जिससे लोगों को दिनभर गर्मी का एहसास होता रहा. लेकिन मौसम विभाग की माने तो अब मौसम परिवर्तन की संभावना है. मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि आज से ठंडी हवाएं नगर में डेरा डालेगी और गर्मी से राहत मिलेगी. सुबह और शाम को ठंडी हवाओं से तापमान कम होगा.

एक-दो दिन में प्री-मानसून देगा दस्तक...

मौसम विशेषज्ञ धनोतिया के अनुसार 30 या 31 की रात से प्री-मानसूनी बारिश शुरू होने की संभावना है . इसके बाद नगर में प्रतिदिन शाम को हल्की बारिश होती रहेगी जिससे गर्मी का असर कम होगा . उन्होंने बताया कि इस दौरान नमी बढ़ेगी और दोपहर में गर्मी का एहसास होगा, लेकिन शाम को बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी .

40 डिग्री से कम होगा तापमान...

नगरवासी विगत एक माह से अधिक समय से भीषण गर्मी के चलते 42 से 45 डिग्री तापमान का सामना करने को मजबूर हैं, लेकिन प्री-मानसूनी बारिश शुरू होने से यह आंकड़ा भी घटकर 35 या 38 तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिलेगी .

बिजासन माता मंदिर पर भेंट किया वाटर कूलर...

शाजापुर । भीषण गर्मी में प्यासे कंठों को तर करने के लिए कोई प्याऊ लगा रहा है, तो कोई कैम्पर खरीदकर जल सेवा का पुनित कार्य कर रहा है.

इसी कड़ी में नई सड़क पर गवली मोहल्ला स्थित बिजासन माता मंदिर पर माता के भक्त हेमंत गवली द्वारा एक वाटर कूलर अपने स्वर्गीय पिता रतनलाल गवली की स्मृति में भेंट किया. इस दौरान हेमंत गवली ने बताया कि उनके पिताजी प्रतिदिन मंदिर पर माता रानी के दर्शन के लिए आते थे. उनकी अंतिम इच्छा थी कि यहां वाटर कूलर लगाया जाए. उनकी इसी इच्छा को पूरा करने के लिए यह वाटर कूलर भेंट किया गया.

एकादशी पर किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

शुजालपुर । ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष के पुरुषोत्तम मास की पावन एकादशी के अवसर पर गणेश मंदिर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जन अभियान परिषद कालापीपल के ब्लॉक समन्वयक धनसिंह धनगर एवं परामर्शदाता हनुमंत सिंह परमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर अतिथियों ने उपस्थित माता-बहनों को अधिक मास में किए जाने वाले जप, तप, हवन, यज्ञ, दान-पुण्य के महत्व से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम मास में किए गए धार्मिक एवं पुण्य कार्यों का विशेष महत्व होता है. कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक समन्वयक धनसिंह धनगर द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र को दान स्वरूप एक पंखा भेंट किया गया. इस पहल की उपस्थितजनों ने सराहना की. कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता यादव ने अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया.

समान नागरिक संहिता की बैठक 31 को, अधिकारियों को दायित्व सौंपे

आगर-मालवा । समान नागरिक संहिता के संबंध में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक 31 मई को दोपहर 3.30 बजे नवीन मांगलिक भवन, कंपनी गार्डन आगर में आयोजित की जाएगी. बैठक का आयोजन सचिव, उच्च स्तरीय समिति समान नागरिक संहिता, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के पालन में किया जा रहा है.

कलेक्टर प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा बैठक के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए हैं. बैठक आयोजन के लिए मिलिंद ढोके अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आगर, राजीव गुप्ता जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, कुशल सिंह डोडवे मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका आगर तथा चंद्रशेखर परमार नायब तहसीलदार बड़ौद को आमंत्रण, बैठक स्थल, फर्नीचर, माईक एवं अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है. मंच पर व्हीव्हीआईपी बैठक व्यवस्था हेतु कमल मंडलोई डिप्टी कलेक्टर तथा मंच के सामने आमंत्रित अतिथियों एवं आमजन की बैठक व्यवस्था हेतु कुशल सिंह डोडवे एवं बसंत डुलगज स्वास्थ्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद आगर को जिम्मेदारी दी गई है. समिति सदस्यों की सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल व्यवस्था के लिए मोतीलाल कुशवाह सीएसपी आगर तथा गिरिश सूर्यवंशी नायब तहसीलदार आगर को दायित्व सौंपा गया है. वहीं लगभग 100 व्यक्तियों के बैठने हेतु मंत्रणा कक्ष व्यवस्था की जिम्मेदारी सुश्री किरण बरबड़े अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर को दी गई है. बैठक में प्राप्त सुझावों एवं अभ्यावेदनों को सूचीबद्ध करने, संचालन व्यवस्था के साथ ही अन्य दायित्व के लिए भी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है. अपर कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों का समन्वय एवं गंभीरता के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बैठक का आयोजन सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके.

केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला बैठक आयोजित

आगर-मालवा । भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर जिला बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष तथा कार्यक्रम की जिला टोली अपेक्षित रही. जिला बैठक में केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों से जुड़े सात प्रमुख विषयों पर की विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां सौंपी गई. जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं. संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने में पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुट जाएं. विधायक मधु गेहलोत, जिला महामंत्री मंयक राजपूत, रामेश्वर तेजरा ने कहा कि पार्टी द्वारा 5 जून से 21 जून तक अभियान चलाया जाएगा.

इसमें विभिन्न कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई. 5 जून से मुख्य रूप से विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण होगा. एक पेड़ मां के नाम अभियान, विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत गांव गांव सम्पर्क, मीडिया संवाद के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां बताना, जनकल्याण शिविरों का आयोजन, मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी सहित 21 जून को अतंरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित होगा. संचालन महामंत्री सूरजसिंह परिहार ने किया. इसके बाद सभी मंडलों की बैठक एक से तीन जून तक करने का निर्णय लिया गया. फिर जिला में वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश कोठारी, गोपाल, भगवान सिंह, कमलाबाई तातेड़, मोनिका का गत दिनों निधन होने पर जिला पदाधिकारीओं द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोड़िया ने दी.

एक नजर में — अधिकारी, व्यापारियों और ठेकेदर के बीच किया समन्वय स्थापित

फोरलेन निर्माण को लेकर व्यापारियों के असमंजस पर विधायक ने बताई पूरी योजना

शाजापुर । इन दिनों हाईवे पर फोरलेन निर्माण चल रहा है. जिससे शाजापुर नगर को विकास के पंख लगेंगे. लेकिन इस निर्माण को लेकर व्यापारी असमंजस में थे. कारण कई जगह चल रहे कार्य के दौरान उनकी दुकान के सामने जो अधूरा निर्माण था उसे लेकर वे परेशान हो रहे थे. लेकिन जब वे विधायक अरूण भीमावद से मिले तो उनकी समस्या का समाधान हो गया. साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जहां भी अधूरा निर्माण या समस्या है उसे समय सीमा में पूर्ण करें.

दरअसल हाईवे पर फोरलेन निर्माण के लिए खुदाई की जा रही है. अभी कार्य प्रगति पर है. जिसके चलते कई जगह अधूरा निर्माण पड़ा हुआ है. कई जगह नाली निर्माण होना है जिसके लिए की गई खुदाई से व्यापारियों की दुकान के सामने से पानी निकासी की जगह बाधित हो रही थी. वे असमंजस में थे कि कहीं पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई और सीवरेज कनेक्शन में पानी नहीं मिला तो उनके लिए समस्या खड़ी न हो जाए. इसे लेकर पहले तो वे ठेकेदार से मिले और उन्हें अपनी समस्या बताई. इस पर ठेकेदार ने उनसे कहा कि अभी कार्य चल रहा है. जब भी हम यहां पहुंचेंगे कार्य पूरा कर दिया जाएगा और समस्या नहीं होगी. लेकिन व्यापारी संतुष्ट नहीं हुए और वे बुधवार को विधायक से मिले. इस पर विधायक ने व्यापारियों को पूरी तरह संतुष्ट करने के लिए ठेकेदार, नपा अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ उनकी बैठक आयोजित की. जहां अधिकारियों ने बताया कि फोरलेन निर्माण होने से शाजापुर नगर का विकास होगा. यह सही है कि काम चलने से कुछ समस्या हो रही है. यह भी उनके संज्ञान में है और इस समस्या का भी समाधान हो जाएगा. विधायक ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि आप लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा और समस्या का समाधान जल्द होगा. विधायक ने बैठक में अगले ही दिन विधायक ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर सभी की बैठक ली और सभी के बीच समन्वय स्थापित किया.

आज व्यापारियों के साथ अधिकारी करेंगे निरीक्षण

बैठक में अधिकारियों ने कहा कि काम को गुणवत्ता के साथ और समय सीमा में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है . इसमें यदि आपके व्यापार .व्यवसाय में जो भी समस्या होगी उसके लिए आप लोगों के साथ हम संबंधित स्थल पर पहुंचकर वहां जरूरी समाधान कर देंगे . इस पर व्यापारी भी मान गए और समय सीमा तय की .

व्यापारी शहर की रीढ़ है, इन्हें कोई समस्या न हो

इस बैठक में विधायक अरूण भीमावद ने आमजनों के साथ ही छोटे से बड़े व्यापारियों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए उसे गंभीरता से लिया . ताकि कालोनी में पानी का भराव न हो . इसे लेकर गुरूवार को विधायक अरूण भीमावद ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों, व्यापारियों और नपा अधिकारियों को बुलवाया . जहां उन्होंने कहा कि व्यापारी शहर की रीढ़ हैं . जिनको समस्या न हो इस तरह से काम को पूरा किया जाएए क्योंकि जब कार्य पूरा हो जाएगा तो व्यापारियों को भी इससे लाभ होगा और नगरवासियों को भी सुविधा होगी . इस पर अधिकारियों ने कहा कि काम समन्वय से ही किया जा रहा है . इन लोगों की जो समस्या है उस पर जल्द ही संज्ञान लेकर उसका जिस तरह से समाधान हो सकता हो किया जाएगा . इस पर व्यापारियों ने विधायक अरूण भीमावद का आभार व्यक्त किया . इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पं . आशीष नागर, जिला महामंत्री गोविंद नायक, नपा सीएमओ भूपेंद्रकुमार दीक्षित, लोक निर्माण विभाग के हर्षवर्द्धनसिंह मुवेल, पार्षद व सभापति प्रतिनिधि सतीश राठौर, व्यापारी मनोहर विश्वकर्मा, भूपेंद्र नायक, अशोक पांचाल, नरेंद्र पाटीदार, राजेंद्र यादव, संतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे .